मूल्यः एक रुपया

कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

आई एस ओ 9001-2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष-3, अंक-5, अगस्त, 2008

किसी भी ट्रेड संबंधित जानकारी हेतु कृपया KAM टाइप कर 57333 पर एसएमएस करें।

## आपके सपनों को हकीकत का रंग देने आए "Colour Dreamz"

कामधेनु इस्पात लिमिटेड की नयी शाखा "Colour Dreamz" रंगों के द्वारा कामधेनु पेंट्स अपने उपभोक्ताओं के सपनों को साकार करने बाजार में आ गयी है। इसके साथ ही कंपनी ने रंग–रोगन के सुनहरे संसार में अपनी मजबूत दस्तक दे दी है। नई दिल्ली में ताज होटल के दरबार हॉल में 13 अगस्त को आयोजित एक भव्य समारोह के दौरान कंपनी के इस ड्रीम प्रोजेक्ट की लांचिंग बॉलीवुड अभिनेत्री ईशा कोप्पीकर की मौजूदगी में हुई। रंगों के सुनहरे संसार की झलक पेश करने के लिए ईशा के साथ–साथ कई मशहूर मॉडलों ने रंग–बिरंगे परिधानों में रैम्प पर कैटवॉक किया। इस अवसर पर कामधेनु इस्पात लिमिटेड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक श्री सतीश अग्रवाल, निदेशक श्री सुनील अग्रवाल, श्री सौरभ अग्रवाल , श्री सचिन अग्रवाल सहित कामधेनु परिवार से जुड़े कई गणमाण्य लोग यहाँ मौजूद थे।

कंपनी की इस नयी पहल पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए श्री सतीश अग्रवाल ने कहा "Colour Dreamz" हमारा एक ऐसा ड्रीम प्रोजेक्ट है जिसके जरिए हम उपभोक्ताओं के घरों में सदाबहार रंगों की चमक बिखेरना चाहते हैं। रंगों का हमारी जिंदगी से गहरा नाता है। प्रकृति की हर चीज में किसी न किसी खास रंग का अक्स है। "Colour Dreamz" के अन्तर्गत हमने रंगों के सुनहरे संसार को समेटने का प्रयास किया है। हमने प्रीमियम रेंज के एक्सटीरियर एवं इंटीरियर, इमल्शन, एनामेल, टेक्सचर्ड एवं डिजाइनर फिनिशेज, वुड फिनिशेज, सीमेंट पेंट, वाटर बेस्ड प्राइमर, एक्रिलिक डिस्टेंपर, सिंथेटिक एवं जीपी एनामेल, सोलवेंट आधारित प्राइमर, एल्यूमीनियम पेंट जैसे उत्पादों की पूरी श्रृंखला पेश की है। हमें पूरा भरोसा है कि हमारा यह प्रयास उपभोक्ताओं को जरूर पसंद आएगा।"

कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने आयी ईशा कोप्पीकर ने रंगों की हसीन दुनिया में कदम रखने पर कंपनी को बधाई दी। ईशा ने कहा "मैं अपने मूड के हिसाब से रंगों को डिसाइड करती हूँ। रंगों के बगैर जिंदगी बेकार है। इसलिए अपनी जिंदगी को कलर ड्रीम्ज़ के रंगों से संवारिए, आपकी जिंदगी खुशियों से संवर जाएगी।" इस अवसर पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को सम्बोधित करते हुए निदेशक श्री सुनील अग्रवाल ने "Colour Dreamz" से जुड़ी रणनीतियों के बारे में बताते हुए कहा "देश का निर्माण एवं आधारभूत क्षेत्र जिस तेजी से प्रगति कर रहा है, इससे रंग–रोगन की मांग तेजी से बढ़ने की पूरी संभावना है। कंपनी ने इस बाजार में कदम रखने के पहले तमाम देशी एवं विदेशी बाजार का बारीकी से अध्ययन किया है। यही नहीं, हमने अपने देश की घरेलु जरूरतों का भी मुआयना किया, है ताकि अपने ग्राहकों को उनकी जरूरतों के हिसाब से रंगों की रूपहली दुनिया पेश कर सकें। कामधेनु की कोशिश है कि वह निर्माण एवं आधारभूत क्षेत्र के सभी उत्पादों को एक ब्रांड के तहत एक ही छत के नीचे




सदाबहार रंगों से भरे "Colour Dreamz" के उत्पादों को उपभोक्ताओं के बीच पेश करते हुए सीएमडी श्री सतीश अग्रवाल, निदेशक श्री सुनील अग्रवाल, श्री सौरभ अग्रवाल एवं श्री सचिन अग्रवाल, इस मौके पर चार चांद लगाने आयी बॉलीवुड अभिनेत्री ईशा कोप्पीकर तथा अन्य मॉडल

शेष पृष्ठ 2 पर...

पृष्ठ 1 से...



कलर ड्रीम्ज की लांचिंग के अवसर पर प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सीएमडी श्री सतीश अग्रवाल, निदेशक श्री सुनील अग्रवाल, श्री सौरभ अग्रवाल एवं श्री सचिन अग्रवाल, (दाएँ) रंगारंग कार्यक्रम की एक झलक

उपलब्ध कराए, जिससे उपभोक्ताओं को उत्कृष्ट गुणवत्ता वाले अंतरराष्ट्रीय स्तर के उत्पादों के लिए इधर–उधर भटकना न पड़े। इसी लक्ष्य की एक पुख्ता कड़ी है कामधेनु पेंट्स डिविजन की "Colour Dreamz".

इस अवसर पर एक विशेष स्कीम लांच करते हुए श्री सौरभ अग्रवाल ने कहा कि यह स्कीम डीलरों और डिस्ट्रीब्यूटरों के उत्साह को बढ़ाने के साथ–साथ प्रतिस्पर्धा में आगे निकलने का जज्बा पैदा करेगा। इस विशेष स्कीम के अंतर्गत अलग–अलग रैंक वाले इलीट क्लब बनाए गए हैं। स्टील, प्लेटीनम, डायमंड, गोल्ड, सिल्वर, इमरेल्ड, ब्रॉंज और कॉपर में बंटे इलीट क्लबों के अनुसार 5 लाख से लेकर 2.5 करोड़ के अलग–अलग सेल्स टारगेट निर्धारित किए गए हैं, जिसे पूरा करने पर मर्सीडीज, होंडा सिटी, होंडा सिविक, स्विफ्ट, वैगन आर, मारुति ऑल्टो जैसी कारें ईनाम स्वरूप दी जाएंगी। इसके अलावा सिंगापुर और मलेशिया की सैर का सुनहरा मौका भी दिया जाएगा। टीवी, फ्रीज, एसी कैमरा जैसे पुरस्कार भी इस स्कीम में शामिल हैं।

समारोह के दौरान कई रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

# स्वार्थ की आग में झुलसती कश्मीर घाटी



जम्मू–कश्मीर में अमरनाथ यात्रा को लेकर शुरू हुए विवाद की आग प्रदेश से बाहर फैलने लगी है। जहाँ एक ओर कई राजनीतिक दल इस संवेदनशील मुद्दे को भुनाने की कोशिश में लगे हैं, वहीं दूसरी ओर अलगाववादी ताकतें देश के धार्मिक सद्भाव को बिगाड़कर अपना उल्लू सीधा करना चाहती हैं। सीधी–सादी जनता इन दो पाटों के बीच पिसती जा रही है, मगर शायद इस मुद्दे को सुलझाने की बजाए साल के अंत में होने वाला चुनाव हर किसी के लिए अधिक जरूरी हो गया है। यही वजह है कि किसी न किसी बहाने इस आग को हवा देने की कोशिश हर तरफ से की जा रही है।

भारत में धार्मिक सद्भाव का जो अनूठा नज़ारा अमरनाथ यात्रा के दौरान दिखाई पड़ता है, वह धर्म के नाम पर देश को गुमराह करने वालों के लिए एक सबक है। हिंदू–मुस्लिम एकता की सबसे बड़ी मिसाल इस यात्रा में दोनों समुदाय दिल खोलकर एक–दूसरे की मदद करते हैं। यह पवित्र यात्रा न केवल यहाँ की जनता के लिए आजीविका का प्रमुख जरिया है बल्कि प्रदेश की शान भी है। यात्रा को सुचारु रूप से चलाने के लिए वर्ष 2000 में अमरनाथ श्राइन बोर्ड का गठन किया गया था। इसी श्राइन बोर्ड को अमरनाथ यात्रा के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए विश्रामगृह और शौचालय आदि बनाने के लिए पर 40 एकड़ जमीन सरकार ने आवंटित की थी। इस फैसले पर कोर्ट की मुहर भी लग चुकी थी। मगर हाल ही में प्रदेश की गुलाम नबी आजाद सरकार ने यह जमीन श्राइन बोर्ड से वापस ले ली। बस तभी से विरोध प्रदर्शन का दौर शुरू हो गया। अमन और खुशहाली की राह में आगे बढ़ती कश्मीर घाटी इस विवाद की आग में सुलगने लगी। राजनीतिक दल और अलगाववादी ताकतें हरकत में आ गयीं। मामले को इस कदर हवा दी गयी कि जैसे घाटी के लोगों की सुरक्षा खतरे में है।

श्राइन बोर्ड को जमीन देकर वापस ले लेने के विवाद ने इस आग में घी का काम किया। ऐसे में कहा जा सकता है कि एक संवेदनशील मगर अमनपसंद प्रदेश को स्वार्थ की आग में झोंकने की कोशिश अगर जल्द ही नहीं रोकी गयी तो वह दिन दूर नहीं जब यह मुद्दा भी सरकार के गले की हड्डी बन जाएगा।




वार्षिक डीलर सम्मेलन के दौरान रेडियंट कास्टिंग के निदेशक श्री एस.के. शर्मा, हिम एलॉयज के प्रबंध निदेशक श्री अशोक राजा, कामधेनु इस्पात लि. के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल, हिम एलॉयज के निदेशक श्री ए.के. अग्रवाल एवं कामधेनु इस्पात लि. के जीएम श्री राकेश मिशरी

# हिमाचल में हुआ वार्षिक डीलर सम्मेलन

## कामधेनु को करीब से जानने का एक सुनहरा अवसर

कामधेनु इस्पात लिमिटेड की ओर से हिमाचल प्रदेश में डीलरों का वार्षिक सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें कंपनी के सदस्यों के साथ–साथ इसके सहयोगियों एवं डीलरों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। हिमाचल प्रदेश की खूबसूरत राजधानी शिमला के होटल कौम्बरमेयर में 2 एवं 3 अगस्त को आयोजित इस समारोह में हिमाचल एवं इससे सटे प्रदेश हरियाणा के 250 से अधिक डीलरों ने हिस्सा लिया। यह वार्षिक आयोजन कामधेनु इस्पात लिमिटेड के डीलरों के लिए कंपनी के साथ–साथ, इसके उत्पादों और व्यावसायिक नीतियों को करीब से जानने का एक सुनहरा मौका था।

कामधेनु इस्पात लिमिटेड की ओर से निदेशक श्री सुनील अग्रवाल, एजीएम श्री विवेक महेश्वरी, एजीएम बीपी श्री अमित सोनी, सीनियर मैनेजर, बीपी, श्री चंदन गोस्वामी एवं हिमाचल प्रदेश के जीएम श्री राकेश मिशरी ने सक्रिय रूप से समारोह में हिस्सा लेकर सभी का उत्साह बढ़ाया।

कामधेनु की सहयोगी कंपनियों में मेसर्स रेडिएंट कास्टिंग के निदेशक श्री एस.के. शर्मा, हिम एलॉयज के प्रबंध निदेशक श्री अशोक राजा एवं निदेशक श्री ए.के. अग्रवाल भी समारोह में मौजूद थे। इंडो–चाइना ट्रेड सेंटर के चेयरमैन श्री बी.के. मिश्रा ने समारोह में मुख्य अतिथि की भूमिका निभायी जबकि आयोजन के संचालन की जिम्मेदारी श्री धीरेन्द्र त्रिपाठी ने उठायी।



हिम एलॉयज के प्रबंध निदेशक श्री अशोक राजा एवं कामधेनु इस्पात लि. के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल, नूरपुर ट्रेडिंग कंपनी के श्री देवेंद्र एवं श्री सुरेश को "सुपर डीलर ऑफ द ईयर 2007-08" पुरस्कार से सम्मानित करते हुए।

अपने स्वागत भाषण में रेडिएंट कास्टिंग के एम.डी. श्री अशोक राजा ने सभी प्रतिभागी डीलरों के साथ–साथ कामधेनु इस्पात लिमिटेड, हिम एलॉयज एवं रेडिएंट कास्टिंग के सभी सदस्यों, डीलरों एवं आगंतुक मेहमानों का अभिनंदन किया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए कामधेनु इस्पात लि. के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल ने कहा 'कंपनी अपने डीलरों का आभार व्यक्त करती है। कंपनी की नज़र में इसके सभी डीलर कंपनी का अमूल्य हिस्सा हैं। इनकी मेहनत और निष्ठा के बल पर ही कंपनी आज देश के सुदूर ग्रामीण इलाकों तक अपनी पहुँच बनाने में कामयाब हो पायी है। कंपनी के उत्पादों एवं ब्रांड को उपभोक्ताओं के बीच लोकप्रिय बनाने में डीलरों ने सराहनीय भूमिका निभायी है। कंपनी को पूरा भरोसा है कि डीलरों का यह सहयोग आने वाले समय में और सुदृढ़ होगा।

डीलरों के इस वार्षिक सम्मेलन का आशय था, कंपनी एवं इसके डीलरों के बीच आपसी संबंध को और प्रगाढ़ करना। कामधेनु इस्पात लिमिटेड अपने डीलरों की किसी भी समस्या को अपनी समस्या समझती है और उनकी हर सुविधा का पूरा ख्याल रखती है, जिसकी बदौलत कंपनी के प्रति डीलरों का भरोसा सदैव बना रहता है।

समारोह में बिजनेस और सीखने–सिखाने की बातों के अलावा मस्ती एवं मनोरंजन का भी भरपूर इंतजाम था। कई तरह के गेम और लकी ड्रॉ आगंतुकों के आकर्षण का केन्द्र रहे। डीलरों ने इन सबका भरपूर लुत्फ उठाया और साथ ही कंपनी की उत्तरोत्तर प्रगति की कामना की।

RNI. No.: DELHIN/2000/4125, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2006-08



# मिशन इस्तांबुल से लौटी कामधेनु की टीम

कामधेनु इस्पात लिमिटेड के डीलरों, डिस्ट्रीब्यूटरों एवं अधिकारियों की एक टीम को तुर्की की खूबसूरत सिटी 'इस्तांबुल' की सैर का सुनहरा मौका मिला। 18 से 21 जुलाई तक चले इस टूर का मकसद था डीलरों के साथ आपसी संबंधों को मजबूत करना और साथ ही कामधेनु ब्रांड का प्रचार–प्रसार करना। इस टूर में कामधेनु से जुड़े लगभग 130 कर्मठ डीलरों एवं डिस्ट्रीब्यूटरों ने हिस्सा लिया । टीम में शामिल सभी डीलर एवं डिस्ट्रीब्यूटर दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश के थे।

मिशन इस्तांबुल पर निकली इस टीम में भी इस खूबसूरत सफर में शामिल होने का मौका मिला।

कामधेनु के डीलरों एवं डिस्ट्रीब्यूटरों के लिए यह टूर इस्तांबुल की भौगोलिक एवं ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के साथ–साथ निर्माण एवं आधारभूत क्षेत्र से जुड़ी विविधताओं को देखने का एक सुनहरा मौका था।

बोटिंग कार्यक्रम के दौरान सभी लोग उस स्थान पर पहुँचे जहाँ एशिया एवं यूरोप का मिलन जलधाराओं के बीच होता है। सागर किनारे सभी ने लकड़ी एवं संगमरमर के पुराने महल, किले एवं मछली पकड़ने वाले गाँवों की सैर का भरपूर आनंद लिया।

नीली मस्जिद, जो अपने विशेष प्रकार की नीली टाइलों एवं छः मीनारों के लिए प्रसिद्ध है, सबने उसका नजारा किया। साथ ही हिप्पोड्रोम, चैरियट रेस एवं एथलेटिक्स से जुड़े स्थानों को भी देखा। इसके अलावा ओबेलिस्क ऑफ थियोडोसियस, सरपेंटाइन कॉलम, जर्मन फाउंटेन आदि ऐतिहासिक इमारतों को देखना एक अनोखा अनुभव था। इस दौरान कामधेनु परिवार से जुड़े सभी सदस्यों ने एक दूसरे को करीब से जाना। अपनी पसंद और प्राथमिकताओं के बारे में चर्चा की। कामधेनु इस्पात लिमिटेड एवं आशियाना इंडस्ट्रीज से जुड़े अधिकारियों ने टूर के दौरान कंपनी, इसके उत्पादों एवं भविष्य की संभावनाओं के बारे में सभी सदस्यों को विस्तृत जानकारी दी।




मिशन इस्तांबुल के दौरान अपने विचार व्यक्त करते हुए डिस्ट्रीब्यूटर श्री राजीव शर्मा, साथ में मंच पर आसीन हैं कामधेनु इस्पात लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल, श्री सौरभ अग्रवाल एवं प्रेसिडेंट श्री पंकज अग्रवाल

कामधेनु इस्पात लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल, श्री सौरभ अग्रवाल एवं प्रेसिडेंट श्री पंकज अग्रवाल के साथ–साथ कामधेनु की सहयोगी कंपनी आशियाना इंडस्ट्रीज लिमिटेड के निदेशक श्री पुनीत जैन, श्री संजय जैन एवं नमन जैन भी शामिल थे। इनके अलावा कर्मचारियों में श्री मनोज शर्मा एवं श्री सुशील भारद्वाज को

बेस्ट सपोर्टिंग डीलर आफ द मंथ

श्री अशोक माहेश्वरी
मेसर्स महेश्वरी स्टील ट्रेडर्स
गंजपारा दुर्ग,
छत्तीसगढ़
मो–09826166215

श्री मुकेश बजाज
मेसर्स बालाजी स्टील
9 ब्लॉक, बजाज शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के निकट
रायपुर, छत्तीसगढ़
मो–09826116099

**सभी देशवासियों को कामधेनु परिवार की तरफ से 61वीं स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई ।**

## श्री सतीश अग्रवाल को समाज रत्न पुरस्कार

अपनी दूरदर्शी व्यावसायिक नीतियों एवं सामाजिक कार्यों के लिए कामधेनु इस्पात लिमिटेड के सीएमडी श्री सतीश अग्रवाल को "समाज रत्न–2008" के पुरस्कार से नवाजा गया है। दिल्ली के पंजाबी बाग स्थित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पार्क में 17 अगस्त को आयोजित एक कार्यक्रम में गाजियाबाद की मेयर श्रीमती दमयंती गोयल के हाथों यह पुरस्कार उन्हें दिया गया। इस अवसर पर उनकी पत्नी श्रीमती राधा अग्रवाल भी वहाँ मौजूद थीं।



श्री सतीश अग्रवाल को "समाज रत्न" पुरस्कार से सम्मानित करते हुए गाजियाबाद की मेयर श्रीमती दमयंती गोयल

कार्यक्रम में कामधेनु इस्पात लिमिटेड की सहयोगी कंपनी मेसर्स एडवांस इम्पैक्स, गाजियाबाद के निदेशक श्री शिव कुमार गर्ग, श्री राजकुमार गर्ग एवं श्री पवन गर्ग ने भी हिस्सा लिया।

कामधेनु इस्पात लिमिटेड आज कामयाबी के जिस मुकाम तक पहुँची है, उसमें श्री सतीश अग्रवाल की दूरदर्शी व्यावसायिक नीतियों और कर्तव्यनिष्ठा का बहुत बड़ा हाथ है। उनके नेतृत्व में कंपनी ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों को बढ़–चढ़कर निभाया है। कामधेनु जीवनधारा के रूप में कंपनी की एक ऐसी शाखा है जो समाज के वंचित और जरूरतमंद लोगों का पूरा ख्याल रखती है। "समाज रत्न" का यह पुरस्कार उनकी अथक मेहनत के साथ–साथ हर किसी के साथ मधुर संबंधों का वास्तविक पुरस्कार है।